# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली,
प्लाट नं0—बी—26 / 63, मकान नं0—537, आनन्द नगर, रायबरेली—229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

पत्रांक : 960 / एम—20 / 74 दिनांकः— 16.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :— ई— समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 15.05.2026 को प्रकाशित ''रायबरेली में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, तत्काल कार्रवाई की मांग'', के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई— समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 15.05.2026 को प्रकाशित ''रायबरेली में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, तत्काल कार्रवाई की मांग'' शीर्षक से प्रकाशित खबर का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। जिसकी आख्या निम्नवत् हैः—

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में लापरवाही को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक श्याम सुंदर भारती ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को विधायक के नेतृत्व में करीब 15 ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका से मुलाकात की और उन्हें एक शिकायती ज्ञापन सौंपा। इसमें तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।<br>ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि महाराजगंज तहसील के सुखलिया (मजरे पुरासी) गांव को शिवगढ़ ड्रेन के ऊपर से जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है। इस रास्ते पर क्षेत्र पंचायत द्वारा ढाई मीटर का खड़ंजा लगवाया गया था। आरोप है कि जल जीवन मिशन के ठेकेदारों ने पाइपलाइन डालने के नाम पर लगभग 1 मीटर गहरा गड्ढा खोदकर पूरा खड़ंजा नष्ट कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजा टूटने से उनका आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। विडंबना यह है कि सड़क तोड़ने के बावजूद कई जगहों पर अभी तक पाइप नहीं डाले गए हैं, जिससे गांव में जलापूर्ति भी ठप पड़ी है। भीषण गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को न तो आने—जाने का रास्ता मिल पा रहा है और न ही पीने का पानी। सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने जिलाधिकारी से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के नाम पर जनता को प्रताड़ित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने टूटे हुए खड़ंजे को तुरंत दुरुस्त कराने और गांव में पानी की सप्लाई सुचारू करने की मांग की।<br>जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मामले की जांच कराकर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान अमरपाल सिंह, वंश बहादुर सिंह, राजनरायन, अतरुद्दीन, अशोक कुमार और राम सजीवन सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि राजस्व विभाग, तहसील महाराजगंज, रायबरेली व जल निगम (ग्रामीण) की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय जांच की गई। जांच के समय आवेदक श्री अमर पाल सिंह एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे। जांच में पाया गया कि ग्राम को आने—जाने वाले खडन्जे का किनारा नहर के पानी से कटान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। उक्त कटान के कारण खराब हुए खडन्जे को विभाग में कार्यरत कार्यदायी फर्म एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा आज दिनांक 16.05.2026 को मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है जिसे 07 दिवस में कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। साथ ही अवगत कराना है कि पुरासी के ग्राम गणेशगंज में लगभग 70 मीटर पाइपलाइन भूमि विवाद होने के कारण से पूर्व में वितरित नहीं कराई जा सकी। जिस कारण ग्राम सुखलिया में पेयजल आपूर्ति नही पहुंच पा रही है। जिस पर सम्बन्धित राजस्व विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने हेतु सम्बन्धित लेखपाल को त्वरित आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पाइपलाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कर ग्राम सुलखिया में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है।<br> |

संलग्नक—पेपर कटिंग

भवदीय

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner